# एम.जी.एम. अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI)

महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इन्दौर (म.प्र.)

(म.प्र. सह-चिकित्सीय परिषद, म.प्र. शासन से अनुमति एवं म.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर से सम्बद्धता प्राप्त)

• Website : mgmmcindore.in • Email: physiotherapymgm@gmail.com • दूरभाष : 0731.2528516 • फैक्स : 0731.2514628


क्रमांक 980 / ADM /MAHSI/2019 — इंदौर, दिनांक 19/06/2019

## प्रवेश सूचना - शैक्षणिक सत्र 2019-20

### फिजियोथेरेपी एवं अन्य पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु

महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इन्दौर की स्ववित्त स्वायत्त संस्था एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI) में संचालित फिजियोथेरेपी एवं अन्य पैरामेडिकल डिग्री, डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया 26 जून 2019 से प्रारंभ हो रही है। विस्तृत विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र मय प्रवेश विवरणिका चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाइट www.mgmmcindore.in पर उपलब्ध होंगे।

स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम एम.पी.टी.- ऑर्थोपेडिक्स/न्यूरोलॉजी/स्पोर्ट्स/कॉर्डियोथोरासिक/ऑब्स एवं गायनोकोलॉजी में उपलब्ध कुल 25 सीटों पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.पी.टी. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु कुल 365 सीट उपलब्ध हैं। आवेदक को 12वीं (10+2) परीक्षा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था/बोर्ड से बॉयोलॉजी/बॉयोटेक्नालॉजी/व्यावसायिक पाठ्यक्रम, फिजिक्स एवं केमेस्ट्री विषय में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया में मध्यप्रदेश राज्य के आरक्षण संबंधी नियमों का पालन किया जावेगा।

| महत्त्वपूर्ण तिथियाँ | डिग्री/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र हेतु | स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हेतु |
|---|---|---|
| आवेदन पत्र एवं प्रवेश विवरणिका की वेबसाइट पर उपलब्धता | 26-06-2019 से 30-07-2019 तक | 30-06-2019 से 30-08-2019 तक |
| आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि | 05-08-2019 | 05-09-2019 |
| काउंसिलिंग द्वारा प्रवेश की तिथियाँ | 26, 27 व 28 अगस्त 2019 | 16-09-2019 |

नोट : उक्त तिथियों/प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के संभावित परिवर्तन की सूचना वेबसाइट www.mgmmcindore.in/महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी। कृपया समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध
चिकित्सालय (स्वशासी संस्था), इन्दौर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,
इन्दौर

Scanned by CamScanner

# एम.जी.एम. अलाइड हेल्थ साइसेंस इंस्टीट्यूट, (MAHSI)
## एम.जी.एम. मेडिकल कालेज, इन्दौर
### पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विज्ञापन सत्र 2019–20

स्वशासी महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अन्तर्गत सत्र 2019–20 के लिए विभिन्न स्ववित्तीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जाते है। आवेदक के 12 वी (10+2) परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से बॉयलॉजी / बायोटेक्नोलॉजी / व्यावसायिक पाठ्यक्रम विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त पाठ्यक्रमों मे प्रवेश 12 वीं मे फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉयोलॉजी विषयों मे प्राप्त आंको की मेरिट (प्रावीण्य) आधार पर दिए जावेगे। आवेदक की उम्र 31 दिसम्बर, 2019 (विभागीय कर्मचारियों को छोडकर) की स्थिति में न्युनतम 17 वर्ष (बैचलर ऑफ एक्स–रे रेडियोग्राफर, डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी टेक्निशियन हेतु 18 वर्ष) एवं अधिकतम 25 वर्ष होनी चाहिए (संबधित वर्ग को आयु मे छूट म.प्र. शासन के नियमानुसार दी जावेगी)। पाठ्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी विवरणिका में उपलब्ध होगी।

विभिन्न पाठ्यक्रमो मे प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | डिग्री / डिप्लोमा / प्रमाण पत्र | पाठ्यक्रम की अवधि | प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी) | डिग्री | 4.5 वर्ष | 100 |
| 2 | बैचलर ऑफ आक्यूपेशनल थेरेपी (बी.ओ.टी.) | डिग्री | 4.5 वर्ष | 30 |
| 3 | बैचलर ऑफ एक्स–रे रेडियोग्राफर | डिग्री | 03 वर्ष | 20 |
| 4 | डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 25 |
| 5 | डिप्लोमा इन एनेस्थिसिया टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 20 |
| 6 | डिप्लोमा इन माइक्रोबायोलॉजी टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 25 |
| 7 | डिप्लोमा इन क्लिनिकल बायोकेमेस्ट्री टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 10 |
| 8 | डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 20 |
| 9 | डिप्लोमा इन ह्यूमन न्यूट्रिशियन टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 20 |
| 10 | डिप्लोमा इन आप्थेलमिक असिस्टेन्ट | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 10 |
| 11 | डिप्लोमा इन ब्लडट्रान्सफ्यूजन टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 25 |
| 12 | डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी टेक्निशियन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 20 |
| 13 | सर्टीफिकेट कोर्स इन ऑपरेशन थेटर टेक्निशियन (ओ.टी.) | प्रमाण पत्र | 01 वर्ष | 20 |
| 14 | सर्टीफिकेट कोर्स इन रेसपीरेट्री टेक्निशियन | प्रमाण पत्र | 01 वर्ष | 20 |
| | | | कुल सीटो की संख्या | 365 |

उपरोक्त पाठ्यक्रमो मे उपलब्ध सीटो पर आरक्षण का लाभ म.प्र. शासन के नियमानुसार (केवल म.प्र. के मूल निवासी को ही देय होगा) उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत प्रवेश विवरणीका मय आवेदन पत्र महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर की वेबसाईट www.mgmmcindore.in पर दिनाक 26.06.2019 से उपलब्ध होगें। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन मय संलग्नको के एवं देय शुल्क रूपये 500/– अनारक्षित वर्ग तथा रूपये 300/– आरक्षित वर्ग का बैंक ड्रफ्ट स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी, इन्दौर के नाम से संलग्न कर 05.08.2019 तक लाइब्रेरी, डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी, नई ओ.पी.डी. बेसमेन्ट, एम.वाय. हास्पिटल केम्पस, इन्दौर अथवा एम.जी.एम. अलाईड हेल्थ साईन्स इन्सटिट्यूट (माहसी बिल्डिंग) ओल्ड स्कूल ऑफ नर्सिंग बिल्डिंग, टी.बी. हास्पिटल के पास, के.ई.एच. कम्पाउन्ड, एम.वाय. हास्पिटल कैम्पस, होटल श्रीमाया के सामने, इन्दौर (452001) में डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा करवाना अनिवार्य है। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 05.08.2019 है, विलंब शुल्क रूपये 200/– सहित आवेदन फार्म 07.08.2019 को शाम 04:00 बजे तक जमा किये जा सकते है। उक्त समयावधी पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त पाठ्यक्रमों में वरियता सूची अनुसार काउन्लिग द्वारा प्रवेश की तिथिया निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | काउन्सलिंग दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | स्नातक / डिग्री कोर्स हेतु काउन्सलिंग | 26.08.2019 प्रातः 09.00 बजे |
| 2 | डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र कोर्स हेतु काउन्सलिंग | 27.08.2019 एवं 28.08.2019 प्रातः 09.00 बजे |

काउन्सलिंग प्रक्रिया उक्त तिथियों को प्रातः 09.00 बजे से महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर में आयोजित की जावेगी। पात्र आवेदक वेबसाईट पर प्रकाशित सूची अनुसार काउंसलिंग में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे अन्यथा उनका प्रवेश संबंधित दावा निरस्त माना जावेगा।

नोट– 1. उपरोक्त पाठ्यक्रमों में किसी भी पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या मे परिवर्तन करने का अधिकार संस्था का रहेगा।
2. यदि किन्ही अपरिहार्य कारणों से काउन्सलिंग की तिथियों / स्थान परिवर्तित / स्थगित होती है तो उसकी सूचना वेबसाईट / महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित की जावेगी।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
महात्मा गॉधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,
इन्दौर

Scanned by CamScanner

# एम.जी.एम. अलाइड हेल्थ साइसेंस इंस्टीट्यूट, (MAHSI)
## एम.जी.एम. मेडिकल कालेज, इन्दौर
### पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (एम.पी.टी.) में प्रवेश हेतु विज्ञापन वर्ष 2019–20

एम.जी.एम. अलाइड हेल्थ साइसेंस इंस्टीट्यूट, (MAHSI) इन्दौर के अन्तर्गत सत्र 2019–20 के लिए दो वर्षीय मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रमों (एम.पी.टी. –आर्थोपेडिक्स, न्यूरोलॉजी, स्पोर्टस, कार्डियोथोरासिक एवं आब्स एण्ड गायनोकोलॉजी) में प्रवेश हेतु मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.पी.टी. में स्नातक उपाधि (बी.पी.टी. इन्टर्नशिप काउसिलिंग तिथि के पूर्व पूर्ण होना चाहिए) उत्तीर्ण आवेदको के आवेदन आमंत्रित किया जाते है। प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत बी.पी.टी. स्तर की आवश्यक प्रवेश परीक्षा दिनांक 11.09.2019 को प्रातः 10:00 बजे आयोजित की जावेगी।

### एम.पी.टी. पाठ्यक्रमों हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण

| MPT Ortho | MPT Neuro | MPT Sports | MPT Cardio | MPT Obs/Gyn | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 05 | 05 | 05 | 05 | 05 | 25 |

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर म.प्र. राज्य शासन के आरक्षण संबंधी नियमों का प्रावधान है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत प्रवेश विवरणिका मय आवेदन–पत्र महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर की वेबसाईट www.mgmmcindore.in पर दिनांक 30.06.2019 से 30.08.2019 तक उपलब्ध होगी। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन मय संलग्नों एवं देय शुल्क रूपये 850/– अनारक्षित वर्ग तथा अन्य पिछडा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए रूपये 600/– नगद/ऑनलाइन अथवा बैंक ड्राफ्ट "स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी" इन्दौर के नाम से संलग्न कर जमा करने की अंतिम तिथि 05.09.2019 एवं विलम्ब शुल्क (अतिरिक्त) रूपये 200/– के साथ आवेदन जमा करने की अतिम तिथि 07.09.2019 अपराह्न 4:00 बजे तक लाइब्रेरी, डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी, नई ओ.पी.डी. बेसमेन्ट, एम.वाय. हास्पिटल केम्पस, इन्दौर अथवा एम.जी.एम. अलाईड हेल्थ साईन्स इंस्टीट्यूट (MAHSI बिल्डिंग) ओल्ड स्कूल ऑफ नर्सिंग बिल्डिंग, टी.बी. हास्पिटल के पास, के.ई.एच. कम्पाउन्ड, एम.वाय. हास्पिटल कैम्पस, होटल श्रीमाया के सामने, इन्दौर (452001) में डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा करवाना अनिवार्य है। उक्त समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदनो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त पाठ्यक्रमो में प्रवेश हेतु दिनांक 11.09.2019 को आयोजित प्रवेश परीक्षा की प्रावीण्य सूची के अनुसार काउंसलिग दिनांक 16.09.2019 को प्रातः 10:00 बजे आयोजित की जाएगी।

नोटः– काउंसलिग की तिथि/स्थान में परिवर्तन/स्थगन की सूचना वेबसाईट पर प्रकाशित की जावेगी।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,
इन्दौर

Scanned by CamScanner